भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

भारत

रु. 25000 पच्चीस हजार रुपये

Rs. 25000 TWENTY FIVE THOUSAND RUPEES

सत्यमेव जयते

INDIA

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

E 699957

04 AUG 2015





विक्रय मूल्य –रू0 10,00,000/–
मालियत –रू0 3,64,700/–
स्टाम्प –रू0 70,000/–
परगना – मोहनलालगंज

## विक्रय विलेख

1. भूमि का प्रकार – कृषि
2. परगना – मोहनलालगंज
3. मोहल्ला/ग्राम – मस्तेमऊ

-------2

कलेक्ट्री कोषागार, लखनऊ

.........................

दिनांक.........................

मूल्य.........................

नाम.........................

.........................

विक्रेता

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

भारत

रु. 25000 पच्चीस हजार रुपये

Rs. 25000 TWENTY FIVE THOUSAND RUPEES

सत्यमेव जयते

INDIA

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

E 699956

04 AUG 2015

(2)

4. सम्पत्ति का विवरण– आराजी खसरा संख्या–683 का भाग
5. मापन की इकाई –हेक्टेअर
6. सम्पत्ति का क्षेत्रफल – 0.07294 हेक्टेयर
7. सड़क की स्थिति–(परिशिष्ट के अनुसार)
   – सुल्तानपुर रोड से 200 मीटर से अधिक दूरी पर
8. अन्य विवरण (लिंक/जनपदीय मार्ग इत्यादि)–नहीं
9. सम्पत्ति का प्रकार :– कृषि भूमि
10. पेड़ों का मूल्यांकन – x
11. बोरिंग/कुआं/अन्य – x
12. निर्माण का वर्ष – x
13. सहकारी आवास समिति के सदस्य से सम्बन्धित है– नहीं
14. प्रतिफल की धनराशि 10,00,000/– रूपये

-------3

नरेन्द्र कुमार

आदर्श कोषागार, लखनऊ

दिनांक ..........................

मूल्य .......................... रुपया

नाम ..........................

पता ..........................

रोकड़िया

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

भारत

रु.20000 बीस हजार रुपये

TWENTY THOUSAND RUPEES Rs.20000

सत्यमेव जयते

INDIA

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

B 050798

02 JUN 2015

(3)

<u>चौहद्दी खसरा संख्या-683</u>

पूरब - चक मार्ग

पश्चिम - भूमि खसरा संख्या-667, 666

उत्तर - भूमि खसरा संख्या-668, 681, 682

दक्षिण - भूमि खसरा संख्या-685, 684

प्रथम पक्ष की संख्या (1)  द्वितीय पक्ष की संख्या (1)

<u>विक्रेता का विवरण</u>

नरेन्द्र कुमार पुत्र राम भरोसे निवासी-ग्राम-मिर्जापुर, मजरा-मस्तेमऊ, परगना व तहसील-मोहनलालगंज, जिला-लखनऊ।

<u>क्रेता का विवरण</u>

सत्येन्द्र कुमार पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी-16ए/399, वृन्दावन योजना-4, रायबरेली रोड, लखनऊ।

-------4

नरेन्द्र कुमार

आदर्श कोषागार, लखनऊ

दिनांक..............................

मूल्य..............................

नाम..............................

पता..............................

विक्रेता

मनकि नरेन्द्र कुमार पुत्र राम भरोसे निवासी–ग्राम–मिर्जापुर, मजरा–मस्तेमऊ, परगना व तहसील–मोहनलालगंज, जिला–लखनऊ, का हूँ :–

जो कि मैं विक्रेता भूमिधरी आराजी खाता संख्या–365, खसरा सं0–683 कुल रकबा 0.5470 हे0 का जुज भाग यानीं 0.07294 हे0, स्थित ग्राम–मस्तेमऊ, परगना व तहसील– मोहनलालगंज, जिला लखनऊ, का मालिक कामिल व काबिज हैं। उक्त आराजी को विक्रेता की पैतृक सम्पत्ति है और राजस्व अभिलेखों में विक्रेता के नाम संक्रमणीय भूमिधर सहखातेदार के रूप में दर्ज है।

उक्त भूमि हर प्रकार के विवादों, भारों, अजकिस्म, रेहन, बंधक, इकरार, कुर्की, जमानत, हिबा आदि से पूर्णतया बरी व पाक–साफ है जिसको विक्रय करने का पूर्ण मालिकाना अधिकार विक्रेता को प्राप्त है। चूंकि विक्रेता को रूपयों की सख्त आवश्यकता है अतः अपनी राजीखुशी से बिना किसी जोर दबाव नाजायज के बजरूरत होशो हवास में उपरोक्त वर्णित भूमि नम्बरी व पैमायशी, को बकीमत मु0 रूपया–10,00,000/– (दस लाख रूपये मात्र) जिसके आधे रूपया–5,00,000/– (पाँच लाख मात्र) होते हैं, में बदस्त क्रेता सत्येन्द्र कुमार पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी–16ए/399, वृन्दावन योजना–4, रायबरेली रोड, लखनऊ, के पक्ष में बय फरोख्त कतई किया यानि बेच

नरेन्द्र कुमार

दिया और कुल जरसमन हस्ब तफसील जैल क्रेता से वसूल पाकर कब्जा दखल मालिकाना अपने ही समान क्रेता उपरोक्त का बखूबी करा दिया। अब आज की तारीख के बाद से विक्रेता या उनके किसी वारिसान व कायम मुकामान का कोई हक या हिस्सा व दावा उक्त विक्रीत भूमि या उसके विक्रय मूल्य के संबंध में किसी प्रकार का बाकी नहीं रहा। अगर कोई व्यक्ति विक्रीत भूमि या उसके विक्रय मूल्य के संबंध में क्रेता उपरोक्त से अपना हक जतावे या दावा करे तो दावा उसका इस बैनामें के समक्ष बिल्कुल नाजायज व शून्य होगा और अगर किसी व्यक्ति की दावेदारी या उज्रदारी या हकदारी से विक्रीत भूमि का कुल या जुज भाग क्रेता उपरोक्त के कब्जे से किसी भी समय निकल जावे या कब्जा न मिले, मिल्कियत या हकीयत विक्रेता की करार न पाई जाए, या अन्य किसी प्रकार से उपरोक्त भूमि के कागजात विवादित अथवा भार ग्रसित निकले तो ऐसी तमाम सूरतों में क्रेता उपरोक्त को हक व अधिकार होगा कि वह अपने द्वारा दिया गया कुल रूपया मय हर्जा व खर्चा व नुकसान सहित विक्रेता व उनके वारिसान व कायम मुकामान की अन्य चल व अचल सम्पत्ति से न्यायालय द्वारा वसूल कर लेवे कोई मुकाम उज्रका न होगा। अब आज की तारीख से क्रेता को अधिकार होगा कि वह उक्त विक्रीत भूमि को समस्त राजस्व अभिलेखों में अपने नाम दर्ज करा लेवें, विक्रेता को कोई आपत्ति नहीं होगी।

नरेन्द्र कुमार

विक्रीत भूमि अर्द्धनगरीय क्षेत्र के ग्राम–मस्तेमऊ, परगना व तहसील– मोहनलालगंज, जिला–लखनऊ में स्थित है। विक्रीत भूमि का कुल क्षेत्रफल–0.07294 हेक्टेअर है, जिसकी मालियत श्रीमान् जिलाधिकारी महोदय लखनऊ द्वारा सरकारी मूल्य रूपया 50,00,000/– प्रति हेक्टेअर की दर से निर्धारित है। अतः निर्धारित दर के अनुसार विक्रीत भूमि की कुल सरकारी मालियत मुबलिग रूपया–3,64,700/– होती है, जो कि विक्रय मूल्य से कम है। अतः विक्रय मूल्य पर शासकीय शासनादेश संस्थागत वित्त, कर एवं निबन्धन अनुभाग–5 की अधिसूचना संख्या–स.वि.क.नि.5–2756/11–2008–500 (165)/2007 दिनांक 30.06.2008 के अनुसार 7 प्रतिशत की दर से रूपया–70,000/– का स्टाम्प शुल्क अदा किया गया है। क्रेता व विक्रेता के मध्य पूर्व में कोई इकरारनामा बय पंजीकृत नहीं किया गया है। उक्त विक्रीत भूमि पर किसी प्रकार का कोई निर्माण नहीं है। विक्रेता व क्रेता का स्थायी व अस्थायी पता उपरोक्तानुसार है। विक्रीत भूमि लखनऊ विकास प्राधिकरण या उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद् की किसी भी योजना में अधिगृहीत नहीं की गई है और न ही प्रस्तावित है।

विक्रीत भूमि मुख्य मार्ग सुल्तानपुर रोड से लगभग 200 मीटर से अधिक दूरी पर स्थित है। विक्रीत भूमि में कोई कुआँ या ट्यूबवेल या इमारत आदि नहीं है। विक्रीत भूमि किसी

नरेन्द्र कुमार

-----7

**विक्रय पत्र**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1,000,000.00 / | **364,700.00** | 10,000.00 | 20 | 10,020.00 | 1,000 |
| प्रतिफल | मालियत | फीस रजिस्ट्री | नकल व प्रति शुल्क | योग | शब्द लगभग |

श्री नरेन्द्र कुमार
पुत्र श्री राम भरोसे
व्यवसाय व्यापार
निवासी स्थायी ग्राम मिर्जापुर म.मस्तेमऊ प.त.मोहनलालगंज लखनऊ
अस्थायी पता
ने यह लेखपत्र इस कार्यालय में दिनांक 10/8/2015 समय 3:09PM
बजे निबन्धन हेतु पेश किया।

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर
विजय लक्ष्मी यादव
उ.नि.मोहनलालगंज
लखनऊ
10/8/2015

निष्पादन लेखपत्र वाद सुनने व समझने मजमून व प्राप्त धनराशि रू. प्रलेखानुसार उक्त

विक्रेता
**श्री नरेन्द्र कुमार**
**पुत्र श्री राम भरोसे**
**पेशा व्यापार**
**निवासी ग्राम मिर्जापुर म.मस्तेमऊ**
**प.त.मोहनलालगंज लखनऊ**

क्रेता
**श्री सत्येन्द्र कुमार**
**पुत्र श्री जगदीश प्रसाद**
**पेशा व्यापार**
**निवासी 16ए/399 बृन्दावन योजना-4 रायबरेली रोड**
**लखनऊ**

ने निष्पादन स्वीकार किया।
जिनकी पहचान श्री **राम सेवक**
पुत्र श्री **मंगरे**
पेशा **व्यापार**
निवासी **ग्राम चौरासी मोहनलालगंज लखनऊ**

व श्री **पी तिवारी एडवो.**
पुत्र श्री
पेशा **वकालत**
निवासी **कलेक्ट्रेट कोर्ट लखनऊ**
ने की।

प्रत्यक्षतः भद्र साक्षियों के निशान अंगूठे नियमानुसार लिये गये हैं।

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर
विजय लक्ष्मी यादव
उ.नि.मोहनलालगंज
लखनऊ

राष्ट्रीय मार्ग, राजकीय मार्ग, जनपदीय मार्ग व लिंक मार्ग पर स्थित नहीं है एवं विक्रीत भूमि की 0–200 मीटर परिधि में आबादी/आवासीय गतिविधियॉं नहीं है। विक्रीत भूमि पर कोई पेड़ आदि नहीं लगा है और उक्त भूमि कृषि भूमि है। विक्रेता व क्रेता दोनों अनुसूचित जाति के सदस्य हैं।

लिहाजा यह बैनामा रूबरू गवाहान खूब सोच समझ कर बिना किसी जोर दबाव नाजायज के बदुरूस्त होशोहवास व स्वस्थ चित्त मन से निष्पादित कर दिया ताकि सनद रहे और वक्त जरूरत पर काम आवे तथा क्रेता ने भी अपने हस्ताक्षर करके बैनामें का निष्पादन किया।

<u>विवरण भूमि बिक्रीशुदा</u>

भूमिधरी आराजी खाता संख्या–365, खसरा सं0–683 कुल रकबा 0.5470 हे0 का जुज भाग यानी 0.07294 हे0, स्थित ग्राम–मस्तेमऊ, परगना व तहसील–मोहनलालगंज, जिला लखनऊ।

<u>तफसील वसूलयाबी जरसमन</u>

1. रूपया 10,00,000/– बजरिये चेक संख्या– 656328 दिनांक . 10/8/2015 अदाता ओरि० बै० ओरि० लि० ओरि० बैंक, लखनऊ

नरेन्द्र कुमार

[signature]

**विक्रेता**

Registration No.: 14709 Year : 2,015 Book No. : 1

0101 **नरेन्द्र कुमार**

राम भरोसे
ग्राम मिर्जापुर म.मस्तेमऊ प.त.मोहनलालगंज लखनऊ
व्यापार





कुल विक्रय मूल्य रूपया 10,00,000/– (दस लाख रूपया मात्र) विक्रेता ने क्रेता से उपरोक्तानुसार प्राप्त कर लिया है। अब विक्रीत भूमि के सम्बन्ध में विक्रेता को क्रेता से कुछ भी धनराशि पाना शेष नहीं रहा।

लखनऊ

दिनांक : 10.08.2015

ह0 विक्रेता

नरेन्द्र कुमार

1. गवाह : राम सेवक S/o भगार

पता : गौराखी मोहनलालगंज लखनऊ

ह0 क्रेता

R. Tiwari

2. गवाह : बी० तिवारी एडवो० कलेक्ट्रेट कोर्ट

पता : लखनऊ

टाइपकर्ता

Anil

(अनिल बालाजी)

कलेक्ट्रेट, लखनऊ।

मसविदाकर्ता

(मुकेश मणि त्रिपाठी)

एडवोकेट

तहसील मोहनलालगंज,

लखनऊ।

## क्रेता

Registration No. : 14709 Year : 2,015 Book No. : 1

0201 **सत्येन्द्र कुमार**

जगदीश प्रसाद

16अ/399 बृन्दावन योजना-4 रायबरेली रोड लखनऊ

व्यापार





0–200 मीटर की त्रिज्या में मानचित्र

**भूमिधरी आराजी खाता संख्या–365, खसरा सं0–683 कुल रकबा 0.5470 हे0 का जुज भाग यानी 0.07294 हे0, स्थित ग्राम–मस्तेमऊ, परगना व तहसील– मोहनलालगंज, जिला लखनऊ।**




हस्ताक्षर विक्रेता

हस्ताक्षर क्रेता

आज दिनांक **10/08/2015** को

वही सं. **1** जिल्द सं. **5969**

पृष्ठ सं. **399** से **416** पर कमांक **14709**

रजिस्ट्रीकृत किया गया ।

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर

**विजय लक्ष्मी यादव**

**उ.नि.मोहनलालगंज**

**लखनऊ**

10/8/2015